सीप्झ-कोलाबा मेट्रो का मरोल मरोशी में परीक्षण

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया फैसला

महानगर संवाददाता

मुंबई

दक्षिण मुंबई की ट्रैफिक समस्या को कम करने और मुंबईवासियों की यात्रा शुलभ करने के लिए सीप्झ से कोलाबा के लिए निर्माणाधीन मेट्रो लाइन पर चलने वाले डिब्बों का ट्रायल आरे की जगह मरोल मरोशी में किया जाएगा। गुरुवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई मेट्रो कार्पोरेशन अधिकारियों की बैठक में यह निर्णय लिया गया. बैठक में सीएम ने संबंधित अधिकारियों को आरे के एक वृक्ष को बिना नुकसान पहुंचाए मेट्रो के ट्रायल करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ठाकरे ने सीप्झ से कोलाबा के लिए चलने वाली मेट्रो का परीक्षण स्थान बदलकर मरोल मरोशी करने का निर्देश दिया।

गौरतलब हो कि मुंबई उपनगर और मुंबई शहर को जोड़ने के साथ मुंबई की भीड़ और प्रदूषण को कम करने के लिए कोलाबा से सीप्झ तक मेट्रो -3 शुरू करने का निर्णय राज्य सरकार ने लिया है, जिसका काम तेजी से चल रहा है। इस रूट पर चलने वाली मेट्रो के डिब्बों का निर्माण आंध्र प्रदेश की एल्सटॉम और श्रीसिटी ने किया है। इस रेक का साइट पर तकनीकी परीक्षण कर लिया गया है. जबकि 10,000 किमी की दूरी तक इसका ट्रायल किया जाएगा। उसके बाद यह ट्रेन कोलाबा से सीप्झ के रूट पर शुरू की जाएगी।

परीक्षण की सफलता के बाद इस रूट पर ऐसी 31 ट्रेनें उपलब्ध की जाएगी।